15 जून, 2024

मुक्त विश्वविद्यालय ने विश्व में सर्वाधिक योग संबंधी रिकॉर्ड बनाने हेतु ली शपथ

राजभवन, लखनऊ ने विश्व योग दिवस–2024 के अवसर पर विश्व में सर्वाधिक योग संबंधी शपथ का रिकॉर्ड बनाने के निर्देश मिलने के बाद प्रदेश का एकमात्र मुक्त विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय अपने लक्ष्य प्राप्ति के लिए निरन्तर शपथ ग्रहण अभियान चला रहा है। नवनियुक्त माननीय कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम की अभिप्रेरणा से दिनांक 15 जून, 2024 को विश्वविद्यालय परिसर में शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्र–छात्राओं ने योग शपथ अभियान में बढ़चढ कर भागीदारी की। इसके साथ ही विश्वविद्यालय कैम्पस के समीप प्रतिष्ठाानों में भी योग शपथ अभियान में विश्वविद्यालय का साथ देने के लिए लोंगो को प्रेरित किया।